दूरवाणी/Phones : 0821-2345006
सहायक निदेशक/Asst. Director : 0821-2515007
फ़ैक्स (सामान्य)/ Fax : 0821-2515032

वेब साइट/Website : http://www.ciil.org
ई–मेल/Email : nchoudhary.ciil@gmail.com

सत्यमेव जयते

भारत सरकार / Government of India
मानव संसाधन विकास मंत्रालय / Ministry of Human Resource Development
उच्चतर शिक्षा विभाग / Department of Higher Education
भारतीय भाषा संस्थान / Central Institute of Indian Languages
मानसगंगोत्री, हुणसूर रोड, मैसूरु –570006 / Manasagangotri, Hunsur Road, MYSURU- 570006

No.F.3-25/2016-17/BvP/Misc/Tender No: 003 13 मार्च 2017

भारतीय भाषा संस्थान द्वारा ऑडियो फाइल के डिजिटाइजेशन हेतु कोटेशन का आमंत्रण (राष्ट्रीय टेप आर्काइव डेटा) के संदर्भ में

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी ऑडियो रूपांतरण सेवा प्रदाता से निम्न सेवाओं के लिए मुहरबंद, प्रतिस्पर्धी कोटेशन का आमंत्रण किया गया है:

क्रमांक	विवरण	मात्रा
1.	एक विश्वसनीय वाहय HDD में रॉ डेटा को क्षति पहूँचाए बिना परंपरागत ऑडियो टेप का (प्रतिदर्श दर: 44100, बिट दर: 16 बिट, चैनल: स्टीरियो) *.wav प्रारूप फाइल में रूपांतरण।	लगभग 2000 (दो हजार) घंटे का ऑडियो टेप

1. **नियम एवं शर्तें**

- **सुपुर्दगी :** संस्थान द्वारा क्रय आदेश जारी होने के 120 दिन के अंदर।
- **स्थान :** डिजिटलीकरण की प्रक्रिया भारतीय भाषा संस्थान परिसर के अंदर किया जाना चाहिए, क्योंकि ये ऑडियो फाइल उच्च अभिलेखीय महत्व के हैं अतः इन्हें बाहर नहीं दिया जाएगा। भारतीय भाषा संस्थान स्थान, विद्युत आपूर्ति तथा सेवा प्रदाता के लिए अन्य आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करेगा। वाहय HDD नया होना चाहिए तथा इसे सेवा प्रदाता द्वारा प्रदान किया जाएगा।
- **दरें :** सभी करों सहित।
- **वारंटी :** सफलतापूर्वक सुपुर्दगी की तिथि से अनुमन्य होगी।
- **सुरक्षा :** सुपुर्द डिजिटल फाइलों को किसी भी प्रकार के वायरस या मॉलवेयर से मुक्त होना चाहिए।

2. **निर्धारित मूल्य :**

a) संलग्न कोटेशन प्रारूप मे ही निविदाकर्ता आइटम के लिए बोली करेगा।

b) निविदाकर्ता द्वारा दिये जाने वाले सभी प्रकार के शुल्कों, करों और अन्य देयों (तैयार माल पर बिक्री कर सहित) को आइटम दर में शामिल किया जाएगा।

c) प्रत्येक आइटम के लिए दर का निर्धारण अनुबंध की अवधि के लिए ही किया जाएगा और किसी भी समायोजन के अधीन नहीं होगा।

d) आइटम के आंशिक मात्रा की आपूर्ति के लिए दरें स्वीकार्य नहीं होगी।

e) यदि किसी प्रकार का संशोधन किया जाना है तो, पूर्व में लिखे गए तथ्यों को निरस्त करके तथा वहाँ तिथि के साथ हस्ताक्षर करके पुनर्लेखन किया जाएगा।

   I. एक ही समय में अधिकतम संभव प्रतियोगिता की अनुमति के लिए तथा कारीगरी, माल और माल के प्रदर्शन को प्राप्त करने के लिए आवश्यक मानकों से संबंधित स्पष्ट कथन के लिए विनिर्देशों का एक मसौदा तैयार किया जाना चाहिए। उपकरणों के लिए न्यूनतम कार्यात्मक विनिर्देशों को निर्दिष्ट किया जाना चाहिए। यदि ऐसा किया गया हो तो अर्थव्यवस्था, दक्षता और खरीद में निष्पक्षता का उद्देश्य पूरा होगा। कोटेशन का उत्तरदायित्व सुनिश्चित होगा तथा बाद में कोटेशन के मूल्यांकन में सहायक होगा।

   II. जहाँ कहीं भी माल भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा कवर किए जा रहे हों, मानक का संदर्भ दिया जान चाहिए।

   III. यथासंभव ब्रांड नाम और सूची संख्या का संदर्भ देने से बचना चाहिए और जहाँ अपरिहार्य हो, वहाँ "अथवा के समतुल्य" शब्द का उल्लेख किया जाना चाहिए।

3. प्रत्येक निविदाकर्ता केवल एक कोटेशन प्रस्तुत कर सकते हैं।

4. **कोटेशन की वैधता :**

कोटेशन प्रस्तुत करने के लिए तय किये गये समय के बाद कम से कम 45 दिनों तक का समय कोटेशन के लिए वैध रहेगा।

5. **कोटेशन का मूल्यांकन :**

क्रेता कोटेशन का मूल्यांकन और तुलना करेंगे जो कि काफी हद तक उत्तरदायी अर्थात ठीक से हस्ताक्षरित हों और नियम और शर्तों और निम्नलिखित तरीके से विनिर्देशों के अनुरूप हो।

a) मूल्यांकन बिक्री कर सहित किया जाएगा। यदि किसी निविदाकर्ता ने अपने कोटेशन में बिक्रीकर शामिल नहीं किया है और बिक्रीकर लागू, निर्दिष्ट दर का उल्लेख भी नहीं किया है तो यह माना जाएगा कि निविदाकर्ता द्वारा दी गयी दर में बिक्रीकर सम्मिलित है और उसे किसी भी अतिरिक्त बिक्रीकर का भुगतान नहीं किया जाएगा।

b) सभी आइटम्स के मूल्यांकन को एक साथ प्रस्तुत करना होगा। आइटम जिसके लिए दरों को उद्धृत नहीं किया गया हैशून्य माना जाएगा और कुल राशि के हिसाब से गणना की जाएगी। यदि , कोईनिविदाकर्ता किसी विशेष आइटमके लिए कोटेशन देता है तो (मों) क्रेता द्वारा ऐसे

निविदाकर्ता को गैर जिम्मेदार माना जाएगा। क्रेता उसी निविदाकर्ता से अनुबंध करेगा जिसने सभी आइटम्स के लिए सबसे कम बोली लगायी होगी।

6. अनुबंध का निर्णय :

a) क्रेता उसी निविदाकर्ता के साथ अनुबंध करेगा जिसका कोटेशन स्पष्ट तथा उत्तरदायी होने के साथ पैरा 5(b) के अनुसार सभी आइटम्स के लिए जिसने सबसे कम बोली लगायी होगी।

b) क्रेता के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि अनुबंध करते समय ऊपर पैरा 1 सें दिये गये आइटम्स में से किसी एक या सभी मदों में बिना नियम एवं शर्तों परिवर्तन के 25 प्रतिशत की कमी या बढ़ोत्तरी कर सकता है।

c) निविदा की वैधता अवधि समाप्ति से पहले क्रेता निविदाकर्ता को सूचित करेगा जिसका कोटेशन अनुबंध के लिए स्वीकार कर लिया गया होगा। स्वीकृत प्रस्ताव की शर्तों को क्रय आदेश में शामिल किया जाएगा।

d) सामान की आपूर्ति के उपरांत ही उसकी स्वीकृति और उसक भुगतान किया जाएगा।

e) उपरोक्त दिये गये नियम एवं शर्तों के बावजूद क्रेता के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह बिना कोई कारण बताए किसी एक या सभी कोटेशनों को निरस्त कर सकता है।

7. कोटेशन जमा करने की अतिम तिथि :

एक मुहरबंद लिफाफा जिस पर "**भारतीय भाषा संस्थान मैसूरु के लिए ऑडियो फाइल के डिजिटिजेशन हेतु कोटेशन**" लिखा हो, भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर परिसर में दिनांक 17.04.2017. को अपराहन 5.00 बजे से पूर्व जमा कर दें। हम आपसे कोटेशन प्राप्त करने की आशा करते हैं।

भवदीय

Sd/-

सहायक निदेशक) प्रशा(. प्रभारी

कोटेशन का प्रारुप

क्रमांक	सेवा का विवरण	दर	मात्रा	कुल राशि (सभी लागू कर सहित)
1.				

कुल लागत : रू .... (शब्दों में ………...)

<u>घोषणा</u>

1. हम तकनीकी विनिर्देश के अनुरुप उपरोक्त सामानों की आपूर्ति जिस की कुल अनुबंध राशि ....रुपये ....(शब्दों में) है, जो कोटेशन निविदा में निर्दिष्ट है के भीतर आपूर्ति करेंगे।
2. हम ये भी सुनिश्चित करते हैं कि आपूर्तित सामानों की वारंटी/गारंटी..................महीने की दी जाएगी।

निविदाकर्ता

नाम : ....
हस्ताक्षर: ....
दिनांक : ....